दिन—गुरूवार दिनांक— 05 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिक्षक दिवस के अवसर पर बिहार के दो समेत देशभर के बयासी शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये। पटना में आयोजित समारोह में बयालीस शिक्षकों को राजकीय शिक्षक पुरस्कार से किया गया सम्मानित।

02. भारतीय न्याय संहिता के तहत देश में पहली बार छपरा की एक अदालत ने तिहरे हत्याकांड मामले में दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

03. राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आज से सुरक्षित सफर सुविधा की हुई शुरूआत। सफर के दौरान डायल एक सौ बारह का लाभ लेने वाली महिलाओं की होगी जीपीएस ट्रैकिंग।

04. और, मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, गोपालगंज, मधुबनी और सीतामढ़ी जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया।

————————————————————————

आज शिक्षक दिवस है। पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में यह दिन मनाया जाता है। इस अवसर पर शिक्षकों के सम्मान में देशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में बिहार के दो शिक्षकों समेत देशभर के बयासी शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान किया। इस पुरस्कार का उद्देश्य देश के उन बेहतरीन शिक्षकों को सम्मानित करना है, जिन्होंने छात्रों के जीवन को समृद्ध बनाया है। बिहार से इस पुरस्कार को पाने वालों में कैमूर जिले के तरहनी स्थित न्यू प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सिकेन्द्र कुमार सुमन और मधुबनी के शिव गंगा प्लस—टू गर्ल्स स्कूल की डॉक्टर मीनाक्षी कुमारी शामिल हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी सम्मानित शिक्षकों को बधाई दी और कहा कि शिक्षकों के ऊपर समाज निर्माण का दायित्व है।

———बाईट———.

श्रीमती मुर्मू ने कहा कि बच्चों को ऐसी शिक्षा देनी चाहिए, जिससे बच्चे के आचरण में महिलाओं के प्रति सम्मान का भाव प्रदर्शित हो।

———बाईट———.

राष्ट्रपति ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मजबूत और जीवंत शिक्षण पद्धति विकसित करने पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा नीति में कौशल

विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा।

———बाईट———.

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित मधुबनी के शिव गंगा गर्ल्स प्लस—टू स्कूल की डॉक्टर मीनाक्षी कुमारी ने अभिभावकों की सहभागिता के साथ छात्राओं को स्वच्छता और मासिक धर्म जैसे विषय पर जागरूक किया। एक रिपोर्ट—

———रिपोर्ट———

डॉक्टर मीनाक्षी ने आकाशवाणी से बातचीत में कहा कि वे पुरस्कार पाकर काफी प्रसन्न हैं। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार नारी सशक्तिकरण का प्रतीक है।

———मीनाक्षी कुमारी———14 सें.

कैमूर जिले के तरहनी स्थित न्यू प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सिकेन्द्र कुमार सुमन ने शिक्षा में सूचना तकनीक का प्रयोग कर एक नई क्रांति लायी। उन्होंने सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम के लिए विशेष पहल की। एक रिपोर्ट—

———रिपोर्ट———

———————————————————————

शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। शिक्षा विभाग की ओर से राजधानी पटना में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बयालीस शिक्षकों को राजकीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान किये। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षकों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण हो गयी है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के लिए स्थानांतरण और पदस्थापना संबंधी नीति इसी महीने लायी जायेगी। श्री कुमार ने शिक्षकों की लंब्ति मांगों के जल्द से जल्द निराकरण का आश्वासन दिया।

———बाईट———

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर देश भर के शिक्षकों को शुभकामनाएं दी है। सोशल मीडिया पर श्री मोदी ने वीडियो संदेश जारी कर कहा कि आज का दिन युवाओं के विचारों को दिशा देने में शिक्षकों की भूमिका के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर है।

———बाईट———

टीचर की सबसे बड़ी जो स्ट्रेंथ होती है पॉजिटिविटी होती है। टीचर जो है व्यक्ति को रोशनी दिखाने की ताकत रखता है। मैं मन से मानता हूं टीचर सर्वाधिक देश को बनाने में योगदान देने वाला ऐसा काम आपके पास है, आप देश बदल सकते हैं, जीवन बदल सकते हैं, आप सदी बदल सकते हैं ये सामर्थ्य है आपके पास। देश आज भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन जी को उनके जन्मदिवस पर आदरांजलि दे रहा है।

इधर, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————

भारतीय न्याय संहिता के तहत देश में पहली बार छपरा की एक अदालत ने दोषियों को सजा सुनाई है। जिले के रसूलपुर थाना क्षेत्र के धनाडीह गांव में सत्रह जुलाई को हुये तिहरे हत्याकांड के मामले में जिला और सत्र न्यायाधीश पुनीत कुमार गर्ग ने दो दोषियों सुधांशु कुमार और अंकित कुमार को आजीवन कारावास और चालीस हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

———————————————————————

बिहार पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आज से सुरक्षित सफर सुविधा की शुरूआत की है। इसके तहत महिलाएं घर से बाहर निकलने पर डायल एक सौ बारह सुविधा का लाभ ले सकती हैं, जिससे उनकी जीपीएस ट्रैकिंग की जायेगी। यात्रा के दौरान मदद मांगने वाली महिलाओं पर पुलिस की नजर बनी रहेगी। हरियाणा और तेलंगाना के बाद बिहार देश का तीसरा राज्य बन गया है, जहां महिलाओं को इस प्रकार की सुविधा दी गयी है। पुलिस महानिदेशक आलोक राज ने बताया कि राज्य के छह जिलों पटना, गया, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, बेगूसराय और नालंदा में पायलट प्रोजेक्ट के तहत यह योजना शुरू की गयी है। उन्होंने बताया कि महिलाएं अपने घर से बाहर कहीं भी कभी भी डायल एक सौ बारह की मदद से सुरक्षित यात्रा कर सकती हैं।

———बाईट———

———————————————————————

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आज राज्यसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। बिहार से भाजपा के मनन कुमार मिश्रा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उपेंद्र कुशवाहा समेत पांच नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाई गई।

———————————————————————

राज्य सरकार ने आज बिहार के खिलाड़ियों, प्रशिक्षक, खेल प्रशासक और खेल संघों को सम्मानित किया। पटना में आयोजित समारोह में इक्कीस प्रशिक्षक, चार खेल संघ, चार खेल अधिकारी तथा छह सौ पन्द्रह खिलाड़ी सम्मानित किये गये। इनमें तीस

खिलाड़ी अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। समारोह में भारतीय पुरूष हॉकी टीम के गोलकीपर पी.आर. श्रीजेश मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुये।

———————————————————————

प्रदेश में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान पूर्वी चम्पारण—पश्चिम चम्पारण, गोपालगंज, मधुबनी और सीतामढ़ी जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की सम्भावना है। वहीं, राज्य के पूर्वी और उत्तर—मध्य भागों में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की गयी है।

———बाईट———

इधर, मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान तारापुर में सबसे अधिक एक सौ बत्तीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुई है। वहीं, किशनगंज के तैयबपुर में एक सौ अठारह दशलमव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिक्षक दिवस के अवसर पर बिहार के दो समेत देशभर के बयासी शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये। पटना में आयोजित समारोह में बयालीस शिक्षकों को राजकीय शिक्षक पुरस्कार से किया गया सम्मानित।

02. भारतीय न्याय संहिता के तहत देश में पहली बार छपरा की एक अदालत ने तिहरे हत्याकांड मामले में दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

03. राज्य में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आज से सुरक्षित सफर सुविधा की हुई शुरूआत। सफर के दौरान डायल एक सौ बारह का लाभ लेने वाली महिलाओं की होगी जीपीएस ट्रैकिंग।

04. और, मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, गोपालगंज, मधुबनी और सीतामढ़ी जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।